**बिहार के व्यापारियों के विरुद्ध संसद सदस्यों का अभ्यावेदन**

167. **श्री हुक्म देव नारायण यादव :** क्या वित्त मंत्री 15 दिसम्बर, 1981 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2042 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उपर्युक्त उत्तर मे उल्लिखित व्यापारियों के नाम तथा पते क्या हैं और क्या मामले में जांच पूरी कर ली गई है ;

(ख) क्या यह सच है कि अपने विरुद्ध की जाने वाली कार्यवाही का पता लग जाने के कारण संबंधित व्यक्तियों ने अपनी सम्पति तथा कागजात को छिपा लिया है; और

(ग) इन सभी व्यक्तियों की चल एवं अचल सम्पत्ति का अन्तिम मूल्यांकन कब किया गया था तथा उन्होंने अपनी-अपनी रिटर्नों में उसका कितना-कितना मूल्य दिखाया है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) :** (क) तथा (ग) मामले की जांच पड़ताल अभी भी की जा रही है और इस अवस्था पर उसके ब्यौरे नहीं बताये जा सकते क्योंकि ऐसा करने से जांच पड़ताल में बाधा पड़ सकती है।

(ख) हमारे पास कोई सूचना नहीं है।

**करों की चोरी के सम्बन्ध में मारे गये छापे**

168. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या वित्त मंत्री 15 दिसम्बर, 1981 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2041 के दिए गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन सभी व्यक्तियों के नाम तथा पते क्या हैं जिनके भवनों पर करों की चोरी के संबंध में छापे मारे गये थे और इन छापों के दौरान उनके यहां कितने-कितने मूल्य की सम्पत्ति पकड़ी गई ;

(ख) सभी संबंधित व्यक्तियों की चल और अचल सम्पत्ति का वास्तविक मूल्य क्या है तथा उनके द्वारा अपने अन्तिम विवरणों में कितने-कितने मूल्य की सम्पत्ति दिखाई गई ; और

(ग) क्या यह सच है कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध उपर्युक्त कार्यवाही करने में ढिलाई बरती गई ; यदि हां, तो क्या दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का विचार है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सवाई सिंह सिसोदिया) :** (क) जिन व्यक्तियों के परिसरों की तलाशियां ली गई थी, उन सब के नाम और पते तथा इन छापों के दौरान पकड़ी गई सम्पत्ति का मूल्य राज्य सभा में 18 अगस्त, 1981 को पूछे गये अतारांकित प्र० सं० 186 के उत्तर में पहले ही बताया जा चुका है ।

(ख) चल तथा अचल सम्पत्ति के वास्तविक मूल्य सम्बन्धी ब्यौरों का पता, कर-निर्धारणों के पूरा हो जाने पर ही चलता है । इन मामलों में कर-निर्धारणों को अभी अन्तिम रूप दिया जाना है ।

(ग) जी, नहीं ।

**Income Tax Raids**

169. SHRI J. K. JAIN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) what was the total number of raids conducted by the Income Tax Department during the year 1981-82,